राजकीय महाविद्यालय, केकड़ी

प्राचार्य सन्देश

मेरा सौभाग्य है कि इस संस्था के मुखिया का अवसर ईश्वर ने मुझे प्रदान किया मै संस्था से जुडकर गौरवान्वित अनुभव कर रहा हूॅ। अपनी इस संस्था में समस्त विद्यार्थियो के साथ शिक्षको को भी मै विद्यार्थी रूप में पाता हूॅ। सभी सीखने को तत्पर,नवाचार हेतु समर्पित हैं। इस स्वभाव के कारण सभी शिक्षक युवा और उर्जावान रहते हैं।

केकड़ी को जिला बनने पर अपनी संस्था को उच्च शिक्षा का उत्कृष्ट केन्द्र बनाना हैं। मेरा यह स्वप्न विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावको के सहयोग, सक्रियता से सभंव होगा, ऐसा मुझे विश्वास हैं।ईश्वर हम सभी को इस कार्य हेतु शक्ति प्रदान करे,ऐसी प्रार्थना है।

विधार्थीयो ध्यान रखना,जीवन परमात्मा का वरदान हैं। इसके सजाने संवारने का साधन है कर्म ओर श्रम। जीवन्तता का लक्षण है कर्म। मानव जीवन में कभी भी निराशा एवं अवसाद को स्थान नही देना। स्वामी विवेकान्द जी का कथन हमेशा स्मृति में रहे : उठो जागो,और लक्ष्य प्राप्ति तक नही रूको। २३ अगस्त २०२३ को चन्द्रमा के दक्षिण ध्रुव पर चन्दयान-३ की सफल लैंडिगं हमे प्रेरित करती है कि असफलता से धबराना नही हैं। कुछ प्रयास में कमी रह जाती है। हमारे अभूतपूर्व ११ वे राष्ट्रपति माननीय एपीजे अब्दुल कलाम साहब कहते थे ष्असफलता अर्थात सीखने की प्रकिया प्रथम प्रयासष्अत: पुन प्रयास करेगें और वैज्ञानिक थामस अल्वा एडीसन की तरह हम सफलता तक प्रयासरत बने रहेगें।

आप सभी हमारी संस्था प्रतिष्ठा वाहक है। आप सभी अपने लक्ष्य को प्राप्त करे। आप सभी की जीवन में सफलता हेतु मंगलमयी कामनाऐ प्रस्तुत करता हूॅ।

पुन: शुभकामनाओ सहित।

प्राचार्य एंव नोडल अधिकारी
राजकीय महाविद्यालय केकड़ी